पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी० शिवशंकर) : (क) जी हां

(ख) तरल पैट्रोलियम गैस की वृद्धिशील उपलब्धता की आशा के साथ और क्षेत्र की मांग को ध्यान में रखते हुए एल० पी० जी० की सुविधा 50,000 और उससे अधिक आबादी वाले कस्बों/स्थानों में दिये जाने के बाद गांवों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रदान की जायेगी।

**मध्य-प्रदेश में गैस पर आधारित उर्वरक और रसायन संयन्त्रों की स्थापना**

2744. **श्री दिलीप सिंह भूरिया :** क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बम्बई हाई-गैस पर आधारित उर्वरक और रसायन उद्योगों की स्थापना से सम्बन्धित कौन-कौन से प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं और उन उद्योगों की स्थापना किन-किन स्थानों पर करने का विचार है ;

(ख) क्या मध्य-प्रदेश में बम्बई हाई-गैस पर आधारित उर्वरक संयंत्र की स्थापना के लिए स्थान का चयन करने वाली किसी समिति का गठन किया गया था और यदि हां, तो क्या उक्त समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट भेज दी है; और

(ग) यदि हां, तो क्या समिति ने रिपोर्ट में यह सिफारिश की है कि बम्बई हाई गैस पर आधारित उर्वरक संयन्त्र की स्थापना के लिए मध्य-प्रदेश में केवल रतलाम ही उपयुक्त स्थान है ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मन्त्री (श्री पी० शिव शंकर) : (क) महाराष्ट्र में थाल और गुजरात में हजीरा में दो-दो कार्यान्वयनाधीन चार परियोजनाओं के अतिरिक्त पश्चिमी तट से उपलब्ध गैस पर आधारित छः और उर्वरक प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया है। इन प्लांटों में से एक मध्य-प्रदेश, एक राजस्थान और चार उत्तर-प्रदेश मे लगाए जाएंगे। इन प्लांटों के सही स्थल पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) और (ग) सरकार ने मध्य-प्रदेश में लगाए जाने वाले एक प्लांट समेत गैस पर आधारित प्रस्तावित अतिरिक्त उर्वरक प्लांटों के सही स्थलों की सिफारिश करने के लिए एक स्थल चयन समिति नियुक्त की। समिति ने हाल ही में विभिन्न स्थलों की उपयुक्तता दर्शाते हुए विस्तृत तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के बाद मध्य-प्रदेश में लगाए जाने वाले एक प्लांट समेत गैस पर आधारित अतिरिक्त प्लांटों के सही स्थल पर शीघ्र ही निर्णय लिए जाने की आशा है।

**Arrears of Telephone Bills in Delhi**

2745. SHRI CHINTAMANI JENA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state the details regarding the telephone arrears against the VIP's and since when ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI YOGENDRA MAKWANA) : The records in respect of telephone subscribers are maintained telephone numberwise only. There is no separate categorisation as VIP's for this purpose. However, information required in respect of any specific telephone numbers/subscribers can be furnished, if desired.